कोयले का उत्पादन किया, जो 2.8 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, इस वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में हमें पूरे जोश और समर्पण के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करना ही है।

पिछले वर्ष अक्टूबर माह तक हम ताप विद्युत केन्द्रों में कोयले की कमी से जूझते रहे । पिछले वर्ष बरसात का मौसम भी अक्टूबर तक चला। किन्तु हमने उसके बाद कमर कसी और कोयले के प्रेषण को तेजी से बढ़ाया। आज स्थिति यह है कि वेकोलि से जुड़े सभी ताप विद्युत केन्द्रों में 22 दिन से ज्यादा का स्टॉक है। हमारे सबसे बड़े उपभोक्ता महाजेनको के पास जहाँ पिछले वर्ष जनवरी में लगभग 7 लाख टन का स्टॉक था वह इस जनवरी में बढ़कर लगभग 25 लाख टन का हो चुका है। हम देश की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध हैं।

साथियों, वेकोलि कर्मियों के निजी और व्यावसायिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से सभी ट्रेड यूनियन हमारे साथ मिलकर निष्ठा और लगन के साथ कार्य कर रही हैं। सभी का सहयोग और साथ उल्लेखनीय है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी सभी का सकारात्मक साथ हमें मिलता रहेगा और हम इस साल के अपने 60 मिलियन टन कोयला उत्पादन और प्रेषण के लक्ष्य को पाने में सफल होंगे।

गत वित्तीय वर्ष में हमारी सक्षम टीम ने कोयला उत्पादन में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। उसी प्रकार कोयला प्रेषण के अपने निर्धारित लक्ष्य 49.7 मिलियन टन के स्थान पर हमने 55.55 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया, जो WCL के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक था।

TEAM WCL इस साल भी अपने इतिहास को दोहराएगी और अपने ही रिकार्ड को तोड़ते हुए, अपने इस साल के 56 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य की जगह 60 मिलियन टन कोयला उत्पादन करेगी और पांच वर्ष पूर्व देखे अपने सपने को अवश्य साकार करेगी।

वेकोलि परिवार से मेरी अपेक्षा है, हम सभी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए कार्य क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ें, नयी ऊँचाइयों को छुएं। राह कठिन अवश्य लग सकती है, लेकिन, यकीन जानिये, ‘कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है।’

साथियों, मैं सभी कामगार भाइयों, पर्यवेक्षकों, अधिकारियों, श्रमिक संघ के नेतागण, कंपनी के निदेशकगण और अन्य अंशधारकों को, जिन्होंने वेकोलि को इस शिखर तक पहुँचाने में अपना योगदान किया है, सभी को धन्यवाद देता हूँ और एक बार फिर सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....!

नागपुर
26 जनवरी, 2020

**राजीव रंजन मिश्र**
**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**

WCLHRD & MISSION WCL 2.0
@TeamWCL

# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री राजीव रंजन मिश्र
## का
# संदेश

## 26 जनवरी, 2020

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

हमारे साथी निदेशकगण, श्रमिक संघों के माननीय प्रतिनिधि, आदरणीय महिलाएं तथा टीम वेकोलि के प्यारे साथियों !

सर्वप्रथम आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

हम सभी को इस बात का गर्व है कि हम विश्व के सबसे बड़े और परिपक्व लोकतंत्र के सम्मानित नागरिक हैं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साये में सांस ले रही नयी पीढ़ी को इस बात का अंदाज़ा भी नहीं होगा कि यह सौभाग्य हमें कितनी कुर्बानियों के बाद मिला है। इस बीच, गंगा में बहुत पानी बह गया और पूरे विश्व में न जाने कितने बदलाव हुए और अन्य देशों के भूगोल तथा कितनी सल्तनतें बदलीं। पर, हमारी सुदृढ़ संवैधानिक संरचना ने हमारे देश को पुख्ता आधार दिया।

15 अगस्त, 1947 में स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद हमने स्वयं अपना संविधान तैयार किया और 70 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 1950 में लागू कर इसे अंगीकृत और आत्मार्पित किया। यह संविधान दरअसल है क्या ! हमारे देश की शासन-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने का इकलौता महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसी में बताये गये मार्ग पर चल कर हमने आज इतना लम्बा और कामयाब सफ़र तय किया है। संविधान के निर्माण में भारत रत्न डॉ. भीम राव बाबा साहब आम्बेडकर का योगदान स्तुत्य है और, जब बाबा साहब आम्बेडकर का ज़िक्र आता है, तो संतरा नगरी नागपुर में स्थित भव्य दीक्षाभूमि की भी चर्चा प्रासंगिक है। यह सुखद संयोग है कि हमारी कम्पनी का मुख्यालय भी भारत के केंद्र-स्थल नागपुर में अवस्थित है।

हमारी कम्पनी के दैनंदिन और दीर्घकालिक संचालन के लिए निर्धारित दायरे में काम करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा-जरूरतों की पूर्ति का गुरुतर दायित्व हमें सतत निभाना है। इसीलिए, हमारी ज़िम्मेदारी और बढ़ जाती है। आज जब 2020 की 26 जनवरी को हम यह जश्न मना रहे हैं, तो हमें भी हमारी कम्पनी के अतीत, वर्तमान और भविष्य का अवलोकन करना चाहिए। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की 45 वर्षों की यात्रा हमें और अच्छा करने का उत्साह दिलाती है। टीम वेकोलि के करिश्माई जज्बे की चर्चा सर्वत्र हो रही है। आपने कामयाबी के असंख्य झंडे गाड़े हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 49.7 मिलियन टन की जगह हमने 53.18 मिलियन टन कोयला-उत्पादन का रिकार्ड बनाया। इस वर्ष भी 56 की जगह आपने 60 मिलियन टन से आगे जाने की तैयारी की है। और, सभी क्षेत्रों, खदानों में मैं स्वयं लगातार जा रहा हूँ। खदानों में जाकर मैंने देखा है - हमारी टीम वेकोलि की अद्भुत कार्य-क्षमता को, उनके उत्साह, समर्पण और उनकी कार्य-निष्ठा को। कम्पनी के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को मैं दिल से नमन करता हूँ।

मैं यह मानता हूँ कि यदि हमारी श्रमशक्ति की अंतिम कड़ी तक के सदस्य पर ध्यान दिया जाए और उन्हें उनका महत्त्व बताकर जागरुक किया जाये तो हम कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। यही कोशिश WCL में हो रही है जिसका परिणाम हमारे सामने है। 2014-15 में जिस कंपनी पर बंदी का खतरा था वह कंपनी इस वर्ष लगातार दूसरी बार कोयला उत्पादन में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने जा रही है। यह आसान नहीं है। हम TEAM WCL को एक परिवार की तरह देखते हैं और परिवार के हर सदस्य की सहभागिता जरुरी है।

पिछले महीने दिल्ली के विज्ञान भवन में सबसे ज्यादा बार तालियाँ आपके लिए बजीं, जब माननीय उप राष्ट्रपति महोदय ने विभिन्न श्रेणियों में, टीम वेकोलि को सेफ्टी के लिए सर्वाधिक सात पुरस्कारों से नवाज़ा। ये उपलब्धियां एक दिन में हो गयीं, ऐसा नहीं है। मैं बार-बार मंचों से कहता रहा हूँ कि TEAM WCL, कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सबसे बेहतरीन टीम है। आपकी टीम भावना आपको अन्य सभी से अलग करती है। ये सात पुरस्कार उसी का सुखद परिणाम हैं। हमारी रेस्क्यू की टीम ने पिछले दिनों अखिल भारतीय स्तर की खान बचाव सुरक्षा प्रतियोगिता-2019-20 में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

साथियों, मैं देश की ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप कोयला उत्पादन में तत्पर आप सभी की कर्मठता की सराहना करते हुए, आपका ध्यान उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर आकृष्ट करना चाहता हूँ। आप सभी अवगत हैं, अभी हमारे बड़े ग्राहक ताप विद्युत संयंत्रों के साथ थर्ड पार्टी सैंपलिंग का करार है। इस क्षेत्र में हमारी कोई भी कमी, हमारे वित्तीय कार्यफल और साथ ही ग्राहक संतुष्टि को भी प्रभावित करती है। मेरी कर्मठ टीम से मेरा आग्रह है - हम सभी खदानों में कार्यरत हमारे श्रमिक बंधुओं तक इस संदेश को पहुंचाएं कि उत्पादित और प्रेषित कोयला उचित गुणवत्ता का ही हो। इस साल का हमारा नारा ही है - 'गुणवत्ता कोयले की, जीवन की'। मैं आज के दिन आप सभी से आह्वान करता हूँ कि, हम सभी गुणवत्ता, ग्राहक संतुष्टि, CSR, मानव संसाधन विकास, सतत विकास एवं परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष बल दें।

इस वर्ष हमारी पांच महत्वपूर्ण खदानों को पर्यावरण मंज़ूरी मिली है अथवा उनकी वैधता (वैलिडिटी-Validity) में वृद्धि हुई है, वे खदानें हैं - सिंघोरी OC, धन्कासा UG, जमुनिया UG (फेज-II), उमरेड OC और पेनगंगा OC । इनके अलावा कुछ खदानों की पर्यावरण मंज़ूरी का हमें इंतजार है, जिसे प्राप्त करने में भी हम अवश्य सफल होंगे।

दोस्तों, गत वर्ष 2018-19 में हमारी सक्षम टीम ने दिसम्बर 2018 तक जहाँ 32.15 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया था वहीं इस वित्तीय वर्ष में दिसम्बर 2019 तक हमने 33.05 मिलियन टन